-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 05.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति अभियान के क्रम में पुलिस लाइन में कैम्प लगाकर पुलिसकर्मियों की 10 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के खोले गए सुकन्या समृद्धि खाते । अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन में कार्यरत कर्मी की 01 वर्षीय बालिका का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर प्रथम किश्त का योगदान का दिया उपहार ।**

विवरण- शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति-5.O** के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में आज दिनांक 05.11.2024 को डाक विभाग के सहयोग से पुलिस लाइन कैम्प लगवाया गया जिसमें पुलिसकर्मियों की 10 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाए गए। इस दौरान पोस्ट मास्टर बांदा श्री नरेन्द्र पाण्डेय व उनकी टीम द्वारा पुलिसकर्मियों को महिलाओं व बालिकाओं लिए डाक विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन बचत व बीमा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा पुलिस लाइन में नियुक्त कर्मचारी धीर सिंह की एक वर्षीय पुत्री आरवी को प्रथम किश्त का उपहार देते हुए सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया गया । कैम्प के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिला सम्मान बचत पत्र भी लिए।